भारत सरकार

गृह मंत्रालय

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 388

दिनांक 16.09.2020/ 25 भाद्रपद, 1942 (शक) को उत्तर के लिए

जाति आधारित जनगणना

388# श्री नीरज डांगी:

क्या गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार द्वारा जाति आधारित जनगणना करवायी गयी है;

(ख) यदि हाँ, तो क्या सरकार इसके आंकड़े को सार्वजनिक करने का विचार रखती है;

(ग) यदि हाँ, तो सरकार इसके आंकड़े को कब तक सार्वजनिक करेगी; और

(घ) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री नित्यानंद राय)

(क) से (घ): सामाजिक आर्थिक और जाति जनगणना (एसईसीसी), 2011 ग्रामीण विकास मंत्रालय (एमओआरडी) और तत्कालीन आवास और शहरी गरीबी उपशमन मंत्रालय (एचयूपीए) द्वारा क्रमश: ग्रमीण और शहरी क्षेत्रों में की गई थी। जाति संबंधी आंकड़े को छोड़कर एसईसीसी 2011 के आंकड़ों को ग्रामीण विकास मंत्रालय तथा आवास और शहरी गरीबी उपशमन मंत्रालय द्वारा अंतिम रूप देकर प्रकाशित किया जा चुका है। भारत के महारजिस्ट्रार के कार्यालय ने एसईसीसी-2011 कराने में लॉजिस्टिक और तकनीकी सहयोग प्रदान किया था। जाति संबंधी कच्चे आंकड़े वर्गीकरण और श्रेणीकरण के लिए सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय को सौंप दिए गए हैं।

*****